i:lkj Hkkjrh

Hkkjrh; i:lkj.k fuxe

vkdk'kok.kh d:Uæ f'keyk

25-04-2026@ i:kn:f'kd lek:kj@!!"00#$:

## eu dh #kr

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों सेअपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 133वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी के द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

## jkT;iky

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने कल भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की में 'विजन 2047–समृद्ध और महान भारत अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस सम्मेलन का आयोजन स्वदेशी शोध संस्थान के सहयोग से किया गया। राज्यपाल ने इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए भारत की वर्ष 2047 तक समृद्ध एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण के लिए समेकित नीतिगत ढांचे, नवाचार और संस्थानों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों के महत्व पर बल दिया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने भी वर्चुअल माध्यम से सम्मेलन को संबोधित किया। इस सम्मेलन में भारत और विदेश के 100 से अधिक संस्थानों ने भाग लिया।

## $;jke

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर महिला विरोधी राजनीति करने का आरोप लगाया है। कल कांगड़ा जिले के बगलामुखी में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल के पारित न होने के लिए महिलाएं कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेंगी । उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पूरे देश के अंदर कांग्रेस पार्टी को कई दशकों के लिए सत्ता से बाहर रखने के लिए मातृशक्ति काम करेगी। जयराम ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर चुनाव के समय जनता को दी गई गारंटियों को पूरा न करने का आरोप भी लगाया।

## समर्थन मूल्य

केन्द्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद के लिए मौजूदा मौसम का लक्ष्य 15 प्रतिशत बढ़ाकर तीन करोड 45 लाख टन कर दिया है। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि यह निर्णय उन किसानों की सहायता के लिए उठाया गया है जिनकी फसलों को बेमौसम बारिश से नुकसान पहुंचा है।

कल नई दिल्ली में रोलर फ्लोर मिलर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के वार्षिक गेहूं सर्वेक्षण के अवसर पर श्री चोपड़ा ने कहा कि राज्य स्तर पर भी खरीद के नए लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अब मध्यप्रदेश से एक करोड टन, उत्तर प्रदेश से ढाई करोड़ टन, राजस्थान से 23 लाख पचास हजार टन और उत्तराखंड से 5 हजार टन गेहूं की खरीद होने की संभावना है।

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना केंद्र की एक महत्वपूर्ण योजना है जिसका उद्देश्य 50 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति की आबादी वाले गावों का एकीकृत विकास करना है। हिमाचल प्रदेश में प्रधानमंत्री आदर्श ग्र्रम योजना के तहत अब तक 2 सौ 25 से अधिक अनुसूचित जाति बहुल गांवों को आदर्श गांव घोषित किया जा चुका है। इस योजना के तहत ऊना जिले में 23 गांवों के समग्र विकास के लिए चयन किया गया था जिसमें लोगों की सहभागिता से अनेक विकास कार्य किए गए। योजना के दूसरे चरण में 13 अतिरिक्त गांव चुने गए हैं। अधिक ब्यौरे के साथ ऊना जिला सम्वाद्दाता की ये रिपोर्ट......38’’

मॉकड्रिल

गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन स्थित आदर्श अग्निशमन केंद्र परिसर में कल शाम 8 बजे मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कमांडेंट होम गार्ड तोताराम शर्मा ने बताया कि इस दौरान विभिन्न विभागों की टीमों ने संयुक्त रूप से आपातकालीन स्थिति में त्वरित राहत व बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय के निर्देशों पर साल में दो मर्तबा इस तरह की मॉक ड्रिल आयोजित होगी, जिसका अगला चरण नवंबर में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आमजन में जागरूकता बढ़ाने के साथ ही विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना रहा।

ekSle

प्रदेश के अनेक ज़िलों में आज से मौसम के करवट लेने की संभावना है, जिसके चलते अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्का हिमपात जबकि अन्य भागों में वर्षा की संभावना है। इसके अलावा कांगड़ा, शिमला, कुल्लू और कुछ अन्य मैदानी इलाकों में अंधड़ का अलर्ट जारी किया गया है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य में 28 अप्रैल तक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहेगा।